राज्य आनंद संस्थान

वर्ष : 2, अंक - 1
माह - नवंबर 2022
www.anandsansthanmp.in

राज्य आनंद संस्थान के कार्यक्रम आनंदम एवं अल्पविराम को सामाजिक समावेश एवं सशक्तिकरण श्रेणी में मिला मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय श्री शिवराज सिंह चौहान, मुख्य सचिव श्री इकबाल सिंह बैंस की प्रेरणा तथा प्रमुख सचिव श्री संजीव झा के मार्गदर्शन में आनंद विभाग - राज्य आनंद संस्थान द्वारा संचालित कार्यक्रम आनंदम एवं अल्पविराम को सामाजिक समावेश एवं सशक्तिकरण श्रेणी में मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार से दिनांक 07 नवम्बर 2022 को सम्मानित किया गया।

भोपाल के रवीन्द्र भवन में आयोजित एक भव्य एवं गरिमामय कार्यक्रम के दौरान माननीय मुख्यमंत्री द्वारा मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अखिलेश अर्गल ने यह पुरस्कार प्राप्त किया। उन्होंने यह पुरस्कार संस्थान से जुड़े जिला नोडल अधिकारी, मास्टर ट्रेनर, आनंदम सहयोगी, आनंद क्लब, आनंदम केन्द्र संचालक, संस्थान से जुड़ी स्वयंसेवी संस्थाओं सहित सभी आनंदकों को समर्पित किया।

राज्य आनंद संस्थान, आनंद विभाग, म.प्र. शासन
माध्यमिक शिक्षा मंडल परिसर, शिवाजी नगर, भोपाल - 462011

श्री अखिलेश अर्गल
मुख्य कार्यपालन अधिकारी,
राज्य आनंद संस्थान

राज्य आनंद संस्थान द्वारा प्रथम बार अपना न्यूजलेटर वर्ष 2019-20 में शुरु किया गया था। कोविड-19 संक्रमण के कारण इसकी निरंतरता 2020-21 में नहीं रह सकी। संस्थान द्वारा इस दिशा में प्रयास कर न्यूजलेटर की पुन: शुरुआत की गई है।

नवम्बर माह विभाग एवं संस्थान के लिए विशेष उपलब्धियों का रहा है, जब माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा संस्थान के अल्पविराम एवं आनंदम केन्द्र कार्यकम को मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार प्रदान किया गया। यह पुरस्कार संस्थान से जुड़े सभी आनंदकों, स्वयंसेवी संस्थाओं एवं अन्य सभी लोगों के सतत् प्रयासों की परिणिति है। इसके लिए आप सभी बधाई के पात्र हैं।

हमारे मास्टर ट्रेनर परिवार में भी इस माह 22 नए ट्रेनर शामिल हुए हैं। उम्मीद है कि ये सभी ट्रेनर्स अपने-अपने जिलों में आनंद की गतिविधियों को फैलाने एवं विशेष रुप से अल्पविराम कार्यक्रम के लिए प्रयास करेंगे। इस माह एक रिफ्रेशर कोर्स भी आयोजित हुआ, जिसमें प्रतिभागियों ने अपने अल्पविराम की समझ को और गहराई से जाना।

हमारे सभी आनंदक साथियों से अनुरोध है कि माह में जिले में किए गए कार्य विशेष को हमसे जरूर साझा करें, जिससे उसे न्यूजलेटर में स्थान दिया जा सके तथा अन्य जिले के लोगों को भी प्रेरणा मिले।

नए मास्टर ट्रेनर जुड़े

राज्य आनंद संस्थान के कार्यक्रमों के व्यवस्थित संचालन हेतु जिलों के 22 नए मास्टर ट्रेनर IOFE पंचगनी से प्रशिक्षित होकर लौटे हैं।

संस्थान परिवार में इन सभी नए मास्टर ट्रेनर का स्वागत है। आशा है संबंधित जिलों में संस्था की गतिविधियों के प्रभावी क्रियान्वयन में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका होगी। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में **स्कूल शिक्षा विभाग** से बैतूल की श्रीमती रेखा कापसे, नरसिंहपुर से श्रीमती मुक्ति राय, उमरिया से श्री संजय पांडे, आगर मालवा से श्री मनीष परमार, भिण्ड से श्री प्रशांत सिंह भदौरिया, दतिया से श्री रजनीश कुमार सक्सेना, सिवनी से सुश्री श्रद्धा ठाकुर, शाजापुर से डॉ. मंगलेश जायसवाल, टीकमगढ़ से श्रीमती वैदेही त्रिपाठी, दमोह से श्रीमती उषा व्यास, जबलपुर से श्रीमती अर्चना शर्मा, कटनी से श्रीमती रश्मि खरे, **उच्च शिक्षा विभाग** से छिंदवाड़ा की डॉ. साक्षी सहारे, **आदिम जाति कल्याण विभाग,** शहडोल से श्री बलराम साहू, **जनजातीय कार्य विभाग,** बड़वानी से श्रीमती सुधा वाजपेयी ने भाग लेकर प्रशिक्षण प्राप्त किया।

वहीं **अशासकीय प्रशिक्षणार्थियों** में नरसिंहपुर से सुश्री विप्रा मोदी, रीवा से श्री देवेन्द्र द्विवेदी, सतना से सुश्री पुनीत कौर, सीधी से सुश्री सुनैना दुबे, सीहोर से श्री राकेश शर्मा, अशोक नगर से श्री हितेंद्र बुदोलिया एवं छतरपुर से श्रीमती आशा असाटी द्वारा प्रशिक्षण लेकर संस्थान के कार्य को बढ़ाने का संकल्प लिया।

संपादन : सत्यप्रकाश आर्य, **सहयोग :** अनिल वर्मा,

आनंद यात्रा के तीन दिन

राज्य आनंद संस्थान द्वारा 21 से 23 नवंबर को तीन दिवसीय आनंदम सहयोगी रिफ्रेशर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन भोपाल के भूमि और जल प्रबंधन संस्थान वाल्मी में किया गया। इस कार्यक्रम में प्रदेश के 24 जिलों के 44 प्रतिभागियों ने भागीदारी की।

कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों को अल्पविराम विषय की गहराई में समझ बनाना तथा इसके अभ्यास को निजी जीवन में प्रोत्साहित करना था, जिससे वे स्वयं के परिवर्तन की अनुभूति कर दूसरों को प्रेरित कर सकें। कार्यक्रम का संचालन जमशेदपुर से विशेष रूप से पधारे डॉ. अमित मुखर्जी, छतरपुर के मास्टर ट्रेनर लखनलाल असाटी, मुरैना से श्री सुधीर आचार्य, कटनी के डीपीएल श्री अनिल कांबले, खंडवा से श्रीमती शिल्पी राय और अशोकनगर से श्री सतीश दुबे ने किया।

कार्यक्रम के प्रतिभागी के शब्दों में "हम कहां जी रहे हैं, कैसे जी रहे हैं, पहले शायद होश भी नहीं था। बहुत बहुत धन्यवाद! आनंद विभाग का, जिसने हमें होश और आनंदपूर्वक जीवन जीने की दृष्टि दी। आनंद विभाग ने कोई सिद्धांत या ज्ञान नहीं दिया, बल्कि खुद को देखने की कला सिखाई, कुछ टूल्स दिए।"

सब जेल निवाड़ी में आयोजित हुआ अल्पविराम कार्यक्रम

सब जेल निवाड़ी में दो दिवसीय (15 एवं 16 नवंबर 2022) अल्पविराम कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रथम दिवस डीपीएल निवाड़ी, श्री व्ही.के. पुरोहित द्वारा सर्वप्रथम राज्य आनंद संस्थान (आनंद विभाग) का परिचय व संस्थान से आए श्री मनु दीक्षित, श्री मुकेश करुवा, श्री अभय कुमार जैन का परिचय सभी प्रतिभागियों से कराया।जेल में निरुद्ध बंदियों द्वारा अतिथियों का सर्वप्रथम स्वागत किया गया।

आनंदम सहयोगी श्री हरि विष्णु तिवारी द्वारा ईश वंदना प्रस्तुत कर सभी को भक्ति भाव से जोड़ा। प्रतिभागियों का ध्यान आकृष्ट करने के लिए मास्टर ट्रेनर श्री मुकेश शर्मा जी द्वारा सभी प्रतिभागियों के साथ ऊर्जा देने वाली खेल गतिविधियां कराई जिससे लगभग सभी प्रतिभागी आनंदित व प्रसन्न हुए। श्री मुकेश जी ने जनजाति गौरव दिवस पर भगवान बिरसा मुंडा जी के कार्यों पर भी प्रकाश डाला।

मास्टर ट्रेनर श्री अभय कुमार जैन द्वारा जीवन का लेखा-जोखा की अवधारणा स्पष्ट की गई व सभी बंदियों को कागज, पेन देकर बचपन से लेकर अभी तक के जीवन का लेखा-जोखा तैयार करने हेतु प्रेरित किया। कुछ समय शांत रहकर प्रतिभागियों ने शेयरिंग भी की व जिन्हें उनने दुख दिया था उनसे कुछ बंदियों ने क्षमा मांगी व क्षमा मांगते -मांगते रो पड़े। कार्यक्रम के अंत में सभी बंदियों ने संगीत कार्यक्रम में सहभागिता की। एक बंदी ने ढोलक बजाई तो किसी ने बुंदेलखंडी गीत गाया। द्वितीय दिवस सत्र का शुभारंभ ईश वंदना से हुआ जिसे एक प्रतिभागी ने प्रस्तुत किया। श्री अभय जैन मास्टर ट्रेनर ने आत्म पोषण के प्रश्नों पर चर्चा की।

राज्य आनंद संस्थान

आनंद सभा

राज्य आनंद संस्थान, भोपाल द्वारा 21 से 26 नवंबर को सैम ग्लोबल यूनिवर्सिटी, भोपाल द्वारा आयोजित शहर के 13 विभिन्न विद्यालयों में कक्षा 11वीं एवं 12वीं के छात्रों के साथ आनंद सभा कार्यक्रम का संचालन किया गया। इस कार्यक्रम में 2,500 से अधिक छात्रों के साथ आनंद सभा के विभिन्न सत्रों के बारे में चर्चा की गई।

राज्य आनंद संस्थान द्वारा विकसित एवं संचालित "आनंद सभा" का मूल उद्देश्य विद्यार्थियों को खेल व कहानी के माध्यम से जीवन मूल्यों को स्पष्ट करना है। कार्यक्रम का संचालन संस्थान के मास्टर ट्रेनर डॉ. नीलेश आर्य, श्रीमती वर्णा श्रीवास्तव एवं श्री प्रदीप महतो द्वारा किया गया।

आनंद उत्सव की तैयारी

माह जनवरी में 10 हजार स्थानों पर मनाया जाएगा आनंद उत्सव-2023

जीवंत सामुदायिक जीवन नागरिकों की जिन्दगी में आनंद का संचार करता है। इसी तथ्य को ध्यान में रखते हुये विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी दिनांक 14 से 28 जनवरी 2023 के मध्य आनंद उत्सव-2023 मनाया जाना है।

आनंद उत्सव का उद्देश्य नागरिकों में सहभागिता एवं उत्साह को बढ़ाने के लिये समूह स्तर पर खेल-कूद और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करना है। आनंद उत्सव की मूल भावना प्रतिस्पर्धा नही वरन सहभागिता है।

आनंद उत्सव का आयोजन पंचायत राज एवं ग्रामीण विकास विभाग के सहयोग से वर्ष 2017 से निरंतर जारी है। प्रत्येक वर्ष मध्यप्रदेश के ग्राम पंचायतों को 7,605 क्लस्टरों में बांट कर प्रत्येक क्लस्टर में आनंद उत्सव का आयोजन किया जाता है।

वर्ष 2017 से लगातार जारी है आनंद उत्सव का आयोजन

विभागीय समीक्षा के दौरान प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री जी के निर्देशानुसार आने वाले वर्ष 2023 में 10,000 ग्राम पंचायत क्लस्टर पर आनंद उत्सव का आयोजन किया जाना है।

इस संदर्भ में विगत 17 नवंबर 2022 को राज्य आनंद संस्थान, भोपाल द्वारा सभी जिलों के नोडल अधिकारी, जिला संपर्क व्यक्ति, आनंदम सहयोगी, आनंद क्लब तथा आनंदकों के साथ एक वीडियो कॉन्फ्रेस के माध्यम से आह्वान किया गया कि अपने-अपने जिलों में पंचायत विभाग के साथ समन्वयन कर जोर-शोर से आनंद उत्सव मनाने की तैयारी आरंभ कर दें।

इस हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए जा चुके हैं। आनंद उत्सव के दौरान वीडियो/फोटो प्रतियोगिता भी आयोजित की जाती है।